आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 25.10.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- देहरादून में तीन दिवसीय स्पर्श हिमालय महोत्सव शुरू।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शहरों में सीवर लाइन के पूरी तरह से संचालन के संबंध में रिपोर्ट तलब की।
- न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे।
- उत्तरकाशी में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प के बाद अब स्थिति सामान्य।

स्पर्श हिमालय महोत्सव

देहरादून के थानों में स्पर्श हिमालय महोत्सव–2024 का रंगारंग शुभारंभ हुआ। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से महोत्सव शुभारंभ किया। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तीन दिवसीय महोत्सव प्रदेश के साहित्यकारों और कलाकारों को अद्वितीय मंच प्रदान करेगा। साथ ही प्रदेश की संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि "पुस्तकें हमारा पोषण करती हैं। लेखकों की रचनाएं समाज को नई दिशा दिखाने के साथ ही सकारात्मक रूप से बदलाव लाने के लिए भी प्रेरित करती हैं।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शहरों में सीवर लाइन के पूरी तरह से संचालन के संबंध में रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने सचिवालय में केन्द्र पोषित अमृत योजना के दूसरे चरण के तहत गठित हाई पावर्ड स्टीयरिंग कमेटी की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने संबंधित सचिव को इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए। श्रीमती रतूड़ी ने विशेषरूप से देहरादून का सीवर सिस्टम मैप तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने देहरादून जैसे शहरों में सरकारी आवासीय कॉलोनियों में सीवर सिस्टम की स्थिति और एसटीपी से कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में जल संस्थान को तत्काल रिपोर्ट देने को कहा है। वहीं, मुख्य सचिव ने सचिवालय में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन करने वाले जिलों की रिपोर्ट पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने मिशन के तहत योजनाओं की भौतकीय प्रगति, वित्तीय समापन, एक्शन टेकन रिपोर्ट और गांवों की हर घर जल प्रमाणीकरण की रिपोर्ट तलब की। जल जीवन मिशन के तहत कार्यों की गुणवत्ता को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सख्त हिदायत देते हुए मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को फील्ड कार्यों की लगातार निगरानी व निरीक्षण के लिए प्रशासनिक मशीनरी के साथ तकनीकी टीम को सक्रिय करने निर्देश दिए।

साथ ही कार्यों की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया है कि जल संस्थान या जल मिशन द्वारा किसी भी स्थिति में जिलाधिकारी के अनुमति के बिना रोड कटिंग के कार्यों को नहीं किया जाएगा।

## जनगणना

प्रदेश के जनगणना मंत्री डॉ. प्रेमचन्द अग्रवाल ने जनगणना से संबंधित सभी तैयारियां पूरी रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। देहरादून विधानभवन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में श्री अग्रवाल ने कहा कि केंद्र से कभी भी जनगणना के संकेत मिल सकते हैं, जिसके लिए हमें तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि 2021 में कोविड के कारण जनगणना नहीं हो पाई थी, लेकिन आने वाले कुछ समय में जनगणना के आदेश मिल सकते हैं।

## आवेदन आमंत्रित

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने खेल पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन को पुरस्कृत करने के लिए यह पुरस्कार हर साल प्रदान किये जाते हैं। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार किसी खिलाड़ी द्वारा खेल में शानदार प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। अर्जुन पुरस्कार किसी खिलाड़ी को लगातार उत्कृष्ट खेल के लिए दिया जाता है। अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) इस क्षेत्र में आजीवन योगदान के लिए दिया जाता है। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक विजेता तैयार करने वाले कोचों को दिया जाता है। पुरस्कार के लिए पात्र खिलाडी, कोच और संस्था 14 नवंबर तक ऑनलाइन पोर्टल dbtyas-sports.gov.in पर आवेदन जमा कर सकेंगे।

## नए मुख्य न्यायाधीश

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चन्द्रचूड़ से परामर्श के बाद न्यायमूर्ति खन्ना को 11 नवम्बर से भारत का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। वे देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे और 13 नवम्बर 2025 को सेवा निवृत्त होंगे।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने 18 जनवरी 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश का पदभार ग्रहण किया था। इस दौरान उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की विभिन्न संविधान पीठों में काम किया और अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए।

## उत्तरकाशी घटना

उत्तरकाशी में कल जनाक्रोश रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस कर्मियों के बीच हुई झड़प के बाद जिला प्रशासन ने धारा 163 लागू कर दी है। इस बीच, उत्तरकाशी में अब स्थिति सामान्य है। पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव ने लोगों से कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

## प्रदूषण बोर्ड

उत्तराखंड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राजधानी देहरादून सहित 13 शहरों में वायु गुणवत्ता की जांच के लिए, ए.क्यू.आई की 24 घंटे थर्ड पार्टी मानिटरिंग शुरू कर दी है। इस तरह दीपावली से पहले और बाद में विभिन्न स्थानों पर वायु प्रदूषण की स्थिति परखी जाएगी। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अमित पोखरियाल ने बताया कि देहरादून, ऋषिकेश और टिहरी में एक्यूआई की मॉनिटरिंग शुरू कर दी गई है, जो सात नवंबर तक जारी रहेगी ।

## केदारनाथ उपचुनाव

रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए अगस्त्यमुनि क्रीड़ा भवन में बनाए जाने वाले स्ट्रांग रूम और मतगणना हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को तय समय पर पूरा करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश के अनुसार मतगणना व स्ट्रांग रूम के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने मतगणना हॉल में बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था के साथ ही सीसीटीवी लगाने के भी निर्देश दिए।

वहीं, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कौंडे ने बताया कि केदारनाथ उपचुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए लगभग एक हजार कार्मिकों की तैनाती की जाएगी। इसमें पुलिस विभाग सहित सीएपीएफ, होमगार्ड और स्थानीय बलों के कार्मिक तैनात किए जाएंगे।